16/संख्या-602/11-सं0वि0क0नि0-7-15-700(152)/15

प्रेषक

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक निबन्धन,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

कर एवं निबन्धन अनुभाग-7 लखनऊ: दिनांक मई, 2015

विषय:-हिन्दी व अंग्रेजी में व्यवहरित किये जाने वाले कार्यो को यूनीकोड (मंगल फान्ट) में टंकित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सरकार द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी में व्यवहरित किये जाने वाले समस्त कार्यो को यूनीकोड (मंगल फान्ट) में करने के निर्देश दिये गये है। तदक्रम में शासन स्तर पर समस्त कार्य यूनीकोड (मंगल फान्ट) में किये जाने के आदेश निर्गत कर दिये गये है। सम्प्रति महानिरीक्षक निबन्धन मुख्यालय शिविर कार्यालय लखनऊ/इलाहाबाद एवं फील्ड स्तर पर विभागीय कार्य यूनीकोड (मंगल फान्ट) में नहीं किया जा रहा है, जिससे कार्य में एकरूपता नही हो रही है।

अत: इस सम्बन्ध में विभाग स्तर पर समस्त कार्य यूनीकोड (मंगल फान्ट) में किये जाने हेतु अपने स्तर से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा भविष्य में जो भी पत्राचार किया जाए उसे यूनीकोड (मंगल फान्ट) में ही किया जाए।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-यथोक्त तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त अपर महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश।
2. समस्त उप महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश।
3. समस्त सहायक महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश।
4. समस्त उप निबन्धक उत्तर प्रदेश।

(सुधीन्द्र कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in